रजिस्ट्री सं. डी.एल.—33002/99

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

REGISTERED No. D.L.—33002/99

दिल्ली राजपत्र
Delhi Gazette

असाधारण
EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 105] दिल्ली, सोमवार, जुलाई 13, 2009/आषाढ़, 22, 1931 [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 91
No. 105] DELHI, MONDAY, JULY 13, 2009/ASADHA 22, 1931 [N.C.T.D. No. 91

भाग—IV
PART—IV
राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली सरकार
GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

भूमि व भवन विभाग

अधिसूचना

दिल्ली, 13 जुलाई, 2009

सं. फा. 8(10)/08/भू.व भ./भू.अ./4348.—जबकि, दिल्ली के उपराज्यपाल संतुष्ट हैं कि सार्वजनिक प्रयोजन एवं सार्वजनिक व्यय पर सरकार द्वारा अप्सरा बोर्डर के समीप जी.टी. रोड को चौड़ा करने हेतु भूमि प्राप्त किया जाना है । अत: इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित इलाके में भूमि का उक्त प्रयोजन के लिए अधिग्रहण किया जाना है ।

यह घोषणा भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 6 के उपबंधों के अधीन सर्वसंबंधित के लिए प्रचालित की जाती है, जिसके लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 4 के अंतर्गत अधिसूचना संख्या फा. 8(10)/08/भू. व भ./भू.अ./3498 दिनांक 29-06-2009 के द्वारा की जा चुकी है और उक्त अधिनियम की धारा 7 के उपबंधों के अधीन दिल्ली के भूमि अधिग्रहण कलेक्टर (उत्तर-पूर्व) को उक्त भूमि का अधिग्रहण के लिए आदेश लेने के लिए इसके द्वारा निर्देश दिया जाता है ।

भूमि के नक्शे का अवलोकन दिल्ली के भूमि अधिग्रहण कलेक्टर (उत्तर-पूर्व) के कार्यालय में किया जा सकता है ।

विशिष्ट विवरण

गाँव का नाम	कुल क्षेत्र (वर्ग मी.)	बाउंड्री के फील्ड नम्बर/खसरा नं.	क्षेत्र (वर्ग मी.)
झिलमिल ताहिरपुर	1012.50	1183/220/1 मिन	96
		1183/220/3 मिन	180
		1183/220/2 मिन	41
		1183/220/4 मिन	180
		1182/220 मिन	232
		1096/283-289/ 226-299 मिन	60
		1096/283-289/ 226-299 मिन	22.50 (सराय)
		1097/283-289/ 226-299 मिन	105
		1098/226-289मिन	85
		1099/226-289मिन	11
		कुल योग	1012.50

LAND AND BUILDING DEPARTMENT

NOTIFICATION

Delhi, the 13th July, 2009

No. F. 8(10)/08/L&B/LA/4348.—Whereas the Lt. Governor, Delhi is satified that land is required to be taken by Government at the public expense for a public purpose namely for 'widening of road at G.T. Road near Apsara Border'. It is hereby notified that the land in the locality described below is required for the above purpose.

This declaration is made under the provisions of Section 6 of the Land Acquisition Act, 1894 in respect of the land notified u/s 4 of L.A. Act, 1894 *vide* Notification No. F.8(10)/08/L&B/LA/3498 dated 29-6-2009 to all whom it may concern. Under the provisions of Section 7 of the said Act, the Land Acquisition Collector (North-East), Delhi is hereby directed to take orders for the acquisition of the said land.

A plan of the land may be inspected at the office of the Land Acquisition Collector (North-East), Delhi.

SPECIFICATION

Village	Total Area (Sq.m.)	Field Nos. of Boundaries Kh. Nos.	Boundaries Area (Sq.m.)
Jhilmil Tahirpur	1012.50	1183/220/1 min	96
		1183/220/3 min	180
		1183/220/2 min	41
		1183/220/4 min	180
		1182/220 min	232
		1096/283-289/ 226-299 min	60
		1096/283-289/ 226-299 min	22.50 (Sarai)
		1097/283-289/ 226-299 min	105
		1098/226-289 min	85
		1099/226-289 min	11
		Tatal	**1012.50**

सं. फा. 8(10)/08/भू. व भ./भू.अ./4349.—भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की धारा 17 की उप-धारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिल्ली के उपराज्यपाल भूमि अधिग्रहण कलैक्टर (उत्तर-पूर्व), दिल्ली को सहर्ष निर्देश देते हैं कि वे उक्त अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (1) के अधीन इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन की समाप्ति पर ऐसी भूमि पर कब्जा कर लें जिसका विशिष्ट विवरण अधिसूचना संख्या फा. 8(10)/08/भू.व. भ./भू.अ./3498 दिनांक 29-6-2009 धारा 4 एवं संख्या फा. 8(10)/08/भू.व.भ./भू.अ./4348 दिनांक 13-7-2009 धारा 6 में दिया हुआ है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल
के आदेश से तथा उनके नाम पर,

No. F. 8(10)/08/L&B/LA/4349.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 17 of the Land Acquisition Act, 1894, the Lt. Governor, Delhi is pleased to direct the Land Acquisition Collector (North-East), Delhi to take possession of land, the specification of which is given in the Notification No. F. 8(10)/08/L&B/LA/3498 dated 29-6-2009 under Section 4 and No. F. 8(10)/08/L&B/LA/4348 dated 13-7-2009 under Section 6 of the said Act on expiry of 15 days from publication of the notice under sub-section (1) of Section 9 of the said Act.

By Order and in the Name of the
Lt. Governor of the N.C.T. of Delhi,
G. S. MEENA, Addl. Secy.

परिवहन विभाग

अधिसूचना

दिल्ली, 13 जुलाई, 2009

सं. फा.19/125/परि./सचिवा./2007/375.—जबकि दिल्ली मोटर वाहन नियमावली, 2008 मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 212 द्वारा यथापेक्षित दिनांक 3 सितम्बर, 2008 की अधिसूचना सं. फा. 19/125/परि./सचिवा/2007/597 के अनुसार दिल्ली राजपत्र असाधारण के भाग-4 में प्रकाशित उक्त अधिसूचना की प्रतियां जनता को उपलब्ध होने की तिथि से 45 दिन की अवधि के भीतर इससे प्रभावित होने वाले संभावित व्यक्तियों से आपत्तियाँ तथा सुझाव आमंत्रित किये गये थे।

और, जबकि, उक्त अधिसूचना की प्रतियां 3 सितम्बर, 2008 को जनता को उपलब्ध कराई गईं और जबकि उक्त प्रारूप नियमावली सम्बंधी प्राप्त आपत्तियों और सुझावों पर सरकार द्वारा विधिवत् विचार किया गया है।

अतः, दिल्ली मोटर वाहन अधिनियम, 1988 (1988 का 59) की धारा 2 के खण्ड (41) तथा धारा 212 की उप-धारा (1) के साथ पठित धारा 176 प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस सरकार की दिनांक 21 जून, 1993 की अधिसूचना सं. फा. 2(1)/93 विधि के अनुसार बनायी गयी, दावा न्यायाधिकरण संबंधी, दिल्ली मोटर वाहन नियमावली, 1993 के अध्याय IX के आंशिक अधिक्रमण में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के उपराज्यपाल निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:—

नियमावली

1. **संक्षिप्त प्रारूप एवं प्रारंभ :** (1) इस नियम को दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण नियमावली, 2008 कहा जा सकेगा।

(2) यह दिल्ली राजपत्र में अपनी प्रकाशन तिथि से प्रभावी होगी।

2. **परिभाषाएं.**—जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, तब तक इन नियमों में :—

(क) "अधिनियम" का अर्थ मोटर वाहन अधिनियम, 1988

(ख) "दुर्घटना" का अर्थ किसी सार्वजनिक स्थान पर मोटर वाहन प्रयोग से संबंधित किसी दुर्घटना से है,

(ग) "दावा न्यायाधिकरण" अधिनियम का धारा 165 के अंतर्गत गठित किसी मोटर वाहन दावा न्यायाधिकरण से है,

(घ) "फार्म" का अर्थ इन नियमों के साथ संलग्न किसी फार्म से है,

(ङ) "बीमा कम्पनी" का अर्थ, वह बीमा कम्पनी जिसके साथ कोई दुर्घटनाग्रस्त मोटर वाहन का सम्बद्ध अवधि के लिए बीमाकृत की गई थी,

(च) "जांच करने वाला पुलिस अधिकारी" का अर्थ है, जिस थानाध्यक्ष के क्षेत्र के भीतर किसी मोटर वाहन से संबंधित कोई दुर्घटना होती है, उस थाने का थानाध्यक्ष और उसके अधीनस्थ कोई पुलिस अधिकारी शामिल है, जिसे मामले की जाँच करने का कार्य सौंपा गया है,

(छ) "कानूनी प्रतिनिधि" का वही अर्थ होगा जो उसे नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की धारा 2 के खण्ड (11) के अंतर्गत दिया गया है ;

(2) इसमें प्रयुक्त सभी अन्य शब्द तथा वाक्यांशों; लेकिन जो परिभाषित नहीं है और दिल्ली मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में परिभाषित हैं, वही अर्थ होगा जो क्रमश : उस अधिनियम में उन्हें प्रदान किया गया है ।

3. मोटर दुर्घटना मामलों की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी के दायित्व.—(1) प्रचलित किन्ही अन्य नियमों के प्रतिकूल कुछ भी रहते हुए, जांच कर रहे पुलिस अधिकारी का दायित्व होगा कि वह यथासंभव यथाशीघ्रतापूर्वक—

(क) ऐसे कोनों से दुर्घटना स्थल का चित्र लिया जाए, जिससे साफ-साफ चित्रित हो, और ऐसा करने के लिए असमर्थता की स्थिति में, मानकों/मापदण्ड के आधार पर स्थलमान का चित्र तैयार किया जाए ताकि खाके तथा सड़क (सड़कों) या स्थान/स्थानों की चौड़ाई आदि, जैसी भी स्थिति हो, साफ-साफ दिखाई देती हो, सम्बद्ध वाहन/वाहनों, या व्यक्ति (व्यक्तियों) की स्थिति और ऐसे अन्य तथ्य जो प्रासंगिक हो सकते हैं, ताकि इस संबंध में प्रमाण की संभाल हो सके साथ-साथ दावा न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवृत्तों को प्रस्तुत करने के प्रयोजनों के लिए हो;

(ख) दुर्घटना से सम्बद्ध मोटर वाहन के बारे में बीमा प्रमाण-पत्र/पालिसी के पूरा विवरण एकत्रित करना और अधिनियम की धारा 158 की उप-धारा (1) में वर्णित दस्तावेजों का प्रस्तुतीकरण अपेक्षित करना, और इस पर या रसीद देकर उसका कब्जा लेना या इसे प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति द्वारा इसके प्रमाण के उपरांत उसकी फोटोप्रतियों की संभाल करना;

(ग) उनके जारी कर्त्ता कार्यालय/प्राधिकरण से लिखित में समर्थन/सहमति प्राप्त करके खण्ड (ख) में वर्णित दस्तावेजों की सत्यता की जांच करना;

(घ) उन अपेक्षित दस्तावेजों सहित फार्म ख में नोटिस की प्राप्ति के तीस दिन तक फार्म "क" में दावा न्यायाधिकरण को किसी दुर्घटना संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना, जिनमें दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धारा 173 के अंतर्गत प्रतिवेदन की प्रति में चिकित्सा-विधिक प्रमाण पत्र, शव-परीक्षा प्रतिवेदन (मृत्यु की स्थिति में), प्रथम सूचना प्रतिवेदन, फोटोग्राफ, खाका, खण्ड (ग) में वर्णित दस्तावेजों की फोटोप्रतियां, इनकी सत्यता की पुष्टि संबंधी प्रतिवेदन यदि प्राप्त किया गया हो या अन्यथा की गई कार्यवाई हो;

(ङ) क्षतिपूर्ति के लिए आवेदन-पत्र देने वाले इच्छुक व्यक्ति से, जो किसी प्रकार की दुर्घटना से जुड़ा हुआ है या उसका नजदीकी रिश्तेदार या कानूनी उत्तराधिकारी/प्रतिनिधि या बीमा कम्पनी, जैसी भी स्थिति हो, फार्म 'ग' में आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर तीस दिन के भीतर फार्म 'क' में आवेदक को दुर्घटना सम्बन्धी जानकारी एवं विवरण प्रस्तुत करेगा :

शर्त यह है कि ऐसी जानकारी बीमा कम्पनी को दस रुपए प्रति पृष्ठ की दर से भुगतान करने पर दी जाए;

(च) तब दुर्घटनाग्रस्त वाहन को छोड़ें तथा जब्त न करें, जब यह पता चले कि यह तीसरे पक्षकार जोखिम के लिए बीमा की पॉलिसी से कवर नहीं होती है, पंजीकृत मालिक के नाम पर प्राप्त करे, या जब पंजीकृत मालिक ऐसी बीमा पॉलिसी की प्रति प्रस्तुत करने में विफल रहता है और जिस क्षेत्र में दुर्घटना हुई है उस क्षेत्र पर क्षेत्राधिकार रखने वाले मजिस्ट्रेट की जानकारी में लाया जाय;

(छ) खण्ड (च) में उल्लिखित मजिस्ट्रेट को सूचित करे, अधिनियम की धारा 196 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के लिए पंजीकृत स्वामी पर अभियोग क्यों नहीं चलाया गया है, जहां ऐसे किसी अपराध से संबंधित तथ्य होते हुए भी ऐसा अभियोग प्रस्तुत नहीं किया गया है ।

(2) उप-नियम (1) उल्लिखित दायित्व माने जाएंगे मानो ये दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978 (1978 का 34) का धारा 60 में उल्लिखित है और इनका कोई उल्लंघन होने से उस कानून में बताए गए परिणाम होंगे ।

4. पंजीकरण प्राधिकरण के दायित्व : संबंधित पंजीकरण प्राधिकारी का यह दायित्व होगा—

(क) फार्म "ड़" में निदेश प्राप्त होने के पंद्रह दिन के भीतर किसी दुर्घटनाग्रस्त किसी मोटर वाहन या इसके चालक का लाइसेंस संबंधी दावा न्यायाधिकरण को फार्म 'घ' में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ;

(ख) फार्म ''च'' में आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर, क्षतिपूर्ति के लिए कोई आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्ति से या प्रयोग करने के परिणामस्वरूप दुर्घटना से जुड़े व्यक्ति या उसका नजदीकी रिश्तेदार, या मृतक के कानूनी प्रतिनिधि को या बीमा कम्पनी को, जैसी भी स्थिति हो, फार्म 'घ' में अपेक्षित जानकारी पद्रह दिन के भीतर प्रस्तुत करे :

शर्त यह है कि बीमा कम्पनी को सूचना दस रुपये प्रति पृष्ठ की दर से भूगदान करने पर दी जाय ।

5. बीमा कम्पनी के दायित्व.—बीमा कम्पनी के मण्डल प्रबंधक का यह दायित्व होगा कि वह यथासंभव शीघ्रतापूर्वक—

(क) निर्धारित शुल्क सहित जांचकर्त्ता पुलिस अधिकारी के समक्ष फार्म 'ग' में निर्धारित शुल्क सहित आवेदन-पत्र प्रस्तुत करे और इस दुर्घटना संबंधी पूरी जानकारी इकटठी करे इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के उपरांत, शीघ्रातीशीघ्र या नियम 13 के अंतर्गत दावा न्यायाधिकरण से नोटिस प्राप्त होने पर;

(ख) दुर्घनाग्रस्त मोटर वाहन (वाहनों) के बीमा संबंधी तथ्य पता लगाकर सत्यापित करेगा और दावे मामले का नोटिस प्राप्त होने के तीस दिन के भीतर दावा न्यायाधिकरण को इसकी पुष्टि करेगा ;

(ग) फार्म 'च' में संबंधित पंजीकरण प्राधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करेगी और फार्म 'घ' में उल्लिखित विवरण के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त वाहन/वाहनों संबंधी और इसके चालक/चलाकों द्वारा धारित ड्राइविंग लाइसेंस/लाइसेंसों संबंधी जानकारी इकटठी करेगी;

(घ) उसके द्वारा जारी बीमा प्रमाण-पत्र/पॉलिसी से कवर मोटर वाहन के प्रयोग के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु या स्थाई अपंगता की पुष्टि करने संबंधी जिन मामले में फार्म 'क' तथा फार्म 'घ' में प्राप्त होती है, उन मामलों में अधिनियम की धारा 140 के अन्तर्गत कोई दोष नहीं के सिद्धांत पर अधिनिर्णय योग्य क्षतिपूर्ति के बराबर राशि दावा न्यायाधिकरण को लिखित विवरण सहित जमा करेगा ।

6. दुर्घटनाग्रस्त मोटर वाहन को छोड़ने पर प्रतिबन्ध.—(1) कोई भी न्यायालय दुर्घटना ग्रस्त उस मोटर वाहन को नहीं छोड़ेगा, जिसके परिणामस्वरूप मृत्यु या शारीरिक चोट या सम्पत्ति की क्षति हुई है, जब ऐसा वाहन पंजीकृत मालिक के नाम पर प्राप्त तीसरे पक्षकार के संकटों के लिए बीमा की पॉलिसी से कवर नहीं होता हो, या जब पंजीकृत मालिक, जांचकर्त्ता पुलिस अधिकारी द्वारा मांगने के बावजूद ऐसी बीमा पॉलिसी की एक प्रति प्रस्तुत करने में विफल रहता है, पंजीकृत मालिक द्वारा क्षतिपूर्ति के भुगतान करने के लिए न्यायालय की संतुष्टि के अनुरूप जब तक पंजीकृत मालिक ऐसी दुर्घटना से उत्पन्न किसी दावे के मामले में अधिनिर्णित होने वाली क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान के लिए न्यायालय की संतुष्टि के अनुरूप पर्याप्त प्रतिभूति नहीं प्रस्तुत करता है ।

(2) जब तृतीय पक्षकार के संकटों के लिए मोटर वाहन का मालिक बीमा की पॉलिसी से कवर नहीं होता है, या जब उप-नियम (1) में उल्लिखित परिस्थिति में ऐसी पॉलिसी की प्रति प्रस्तुत करने में विफल रहता है, जांचकर्ता पुलिस अधिकारी द्वारा वाहन का कब्जा प्राप्त करने के तीन महीने बीतने पर दुर्घटना क्षेत्र पर क्षेत्राधिकार रखने वाले मजिस्ट्रेट द्वारा सार्वजनिक नीलामी में मोटर वाहन बेची जाएगी और इससे प्राप्त आय सम्बद्ध क्षेत्र पर क्षेत्राधिकार रखने वाले दावा न्यायाधिकरण के पास क्षतिपूर्ति राशि को संतुष्ट करने के प्रयोजन के लिए, पंद्रह दिन के भीतर जमा कराई जाएगी जोकि अधिनिर्णित की गई है या ऐसी दुर्घटना से उत्पन्न किसी दावा मामले में अधिनिर्णित की जा सकेगी ।

7. प्रतिवेदन सम्बन्धी परिकल्पना.—जांचकर्ता पुलिस अधिकारी तथा सम्बद्ध पंजीकरण प्राधिकारी द्वारा क्रमशः फार्म 'क' तथा फार्म 'घ' में दावा न्यायाधिकरण को प्रस्तुत प्रतिवेदन की विषयवस्तु तथा बीमा कम्पनी द्वारा नियम 5 के खण्ड (ख) के अंतर्गत पुष्टिकरण को सही मान लिया जाएगा तथा इसके प्रतिकूल सिद्ध होने तक औपचारिक प्रमाण के बिना साक्ष्य में पढ़ा जाएगा ।

8. आवेदन पत्र.—(1) क्षतिपूर्ति के भुगतान हेतु प्रत्येक आवेदन पत्र फार्म 'छ' में किया जाएगा और इसकी यथा अपेक्षित प्रतियां संलग्न होंगी, यह इस पर अधिनिर्णय करने के लिए क्षेत्राधिकार रखने वाले दावा न्यायाधिकरण को किया जाएगा ।

(2) प्रत्येक ऐसे आवेदन पत्र के साथ संलग्न होंगे :—

(क) इस आशय के लिए आवेदक का शपथ पत्र कि आवेदन पत्र में उल्लिखित तथ्यों का विवरण उसकी पूरी जानकारी/विश्वास के अनुसार सही है, जैसी भी स्थिति हो, तथा इसके अतिरिक्त यदि आवेदक/आवेदकों ने उसी कार्यहित संबंधी कोई दावा/याचिका पहले प्रस्तुत की है, यदि हाँ, तो इसका परिणाम क्या रहा था;

(ख) इसके प्रमाण हेतु सभी दस्तावेज और शपथ-पत्र और सभी उन तथ्यों के पक्ष में शपथ-पत्र, जिनके आधार पर आवेदक का दावा निर्भर करता है, प्रलेखों और शपथ-पत्रों की भली भांति तैयार की गई सूची में दर्ज किए गए :

शर्त यह है कि दावा न्यायाधिकरण तब तक आवेदन के साथ न प्रस्तुत किसी प्रलेख या शपथ-पत्र के आधार पर अपने दावे के पक्ष में निर्भर होने के लिए अनुमति नहीं दे सकेगा, जब तक वह उपयुक्त या पर्याप्त कारण के लिए संतुष्ट नहीं होता है कि उसे ऐसे दस्तावेज या शपथ-पत्र पहले प्रस्तुत करने के लिए रोका नहीं जाता है;

(ग) दावा न्यायाधिकरण की संतुष्टि के लिए आवेदक/आवेदकों की पहचान का प्रमाण जब तक उसके द्वारा लिखित में अभिलेखबद्ध किए जाने वाले, ठोस या प्रर्याप्त कारण के लिए ऐसा करने की छूट मिली हो,

(घ) एडवोकेट द्वारा विधिवत् प्रमाणित आवेदक/आवेदकों के पासपोर्ट आकार के फोटग्राफ अभिलेख पर;

(ङ) जाँचकर्त्ता पुलिस अधिकारी एवं पंजीकरण प्राधिकारी से फार्म 'ग' तथा फार्म 'घ' में यदि ऐसा कोई प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होता है तो इसके कारण प्राप्त किए जाएं ;

(च) चोटों का या इसके प्रभाव का चिकित्सा प्रमाण-पत्र, जो फार्म 'ग' में उल्लिखित से भिन्न हैं ।

(3) दावा न्यायाधिकरण स्वयं को संतुष्ट करने के लिए निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करने के लिए आवेदक से अपेक्षा कर सकता है कि नकली या कोई जालसाजी वाला दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है ।

(क) उन सभी दुर्घटनाओं का पूरा विवरण, जिनमें आवेदक या मृतक व्यक्ति, जैसी भी स्थिति हो, का सम्बद्ध है;

(ख) ऐसी पूर्ववर्ती दुर्घटनाओं में भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की राशि, दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति तथा जिस व्यक्ति ने क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान किया है, उसका नाम तथा विवरण; और

(ग) खण्ड (ख) में उल्लिखित व्यक्तियों के साथ आवेदक के संबंध, यदि कुछ संबंध हो, तो उल्लेख करें ।

(4) जो आवदेन पत्र जांच करने पर त्रुटिपूर्ण पाया गया है वह विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर जो दो सप्ताह से अधिक नहीं है, त्रुटियां दूर करने के बाद पुनः प्रस्तुत किये जाने के लिए दावा न्यायाधिकरण द्वारा लौटाया जा सकेगा ।

(5) क्षतिपूर्ति के लिए प्रत्येक आवेदन पत्र नियम 36 के अनुसार निर्धारित उपयुक्त रजिस्टर में अलग से पंजीकृत किया जाएगा ।

9. अधिनियम की धारा 158 की उप-धारा (6) के अंतर्गत पुलिस प्रतिवेदन और इस पर कार्रवाई :—(1) पुलिस द्वारा अधिनियम की धारा 158 की उप-धारा (6) के शब्दों में प्रतिवेदन फार्म 'क' में यथावश्यक परिवर्तनों से निहित होगा ।

(2) उप-नियम (1) में उल्लिखित प्रतिवेदन प्राप्त होने पर दावा न्यायाधिकरण उसकी पूरी-पूरी जांच करेगा और अधिनियम की धारा 166 की उप-धारा (4) के अनुसार उपयुक्त तथा प्रभावी कार्यवाई के लिए यथा आवश्यक ऐसी आगामी जानकारी या विषयवस्तु की मांग कर सकेगा ।

(3) दावा न्यायाधिकरण प्रतिवेदन की जांच करने के उपरांत आगामी सूचना/सामग्री, यदि मांगी गई है, इस पर दावा मामला पंजीकृत करेगा और तत्पश्चात् सभी संबंधित पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी करेगा जिसमें फार्म 'ज' में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति या उसके कानूनी प्रतिनिधि होगा/होगी/होंगे, जैसी भी स्थिति हो, वाहन का चालक, स्वामी तथा बीमाकर्ता शामिल होंगे ।

(4) नोटिस की प्राप्ति पर, पूर्वोक्त उपबन्ध में उल्लिखित पक्षकारों को शपथ-पत्र के माध्यम से उपस्थित होकर घोषणा करना अपेक्षित होगा, यदि कोई दावा मामला उसी कार्यहित के संबंध में या तो प्रस्तुत किया गया था या प्रस्तुत किया जा रहा था और यदि ऐसा है, तो दावा मामले के रूप में माना गया पुलिस प्रतिवेदन, पक्षकारों द्वारा स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत ऐसे दावे मामले के साथ लगा होगा ।

(5) यदि व्यक्ति चोटग्रस्त है या मृतक व्यक्ति/व्यक्तियों के कानूनी प्रतिनिधि उक्त उल्लिखित तरीके में पूर्वोक्त नोटिस के उत्तर में उपस्थित नहीं होते हैं तो दावा न्यायाधिकरण यह मान सकता है कि उक्त पक्षकार ऐसी कार्यवाई में किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति के लिए दावा करने के लिए इच्छुक नहीं थे और इस परिकल्पना के आधार पर यह मामला समाप्त माना जाएगा ।

(6) पक्षकारों द्वारा स्वयं प्रस्तुत स्वतंत्र दावा मामले के साथ संलग्न दावा मामले के रूप में पुलिस प्रतिवेदन नहीं माना जाएगा जब तक दावा न्यायाधिकरण चोटग्रस्त व्यक्ति/व्यक्तियों या मृतक व्यक्ति/व्यक्तियों का/के कानूनी प्रतिनिधि, जैसी भी स्थिति हो, को नहीं बुलाएगा और जिसे क्षतिपूर्ति संबंधी तथ्यों का विवरण प्रस्तुत करने के लिए नोटिस के उत्तर में उपस्थित होना है, यदि उनके द्वारा कोई दावा किया गया है तो तथ्यों का विवरण प्रस्तुत किए जाने के लिए फार्म 'ज' में आवेदन पत्र अपेक्षित तौर-तरीकों सहित होगा ।

(7) यदि दावा की गई क्षतिपूर्ति राशि संबंधी तथ्यों का विवरण और इसके अधार पर उप-नियम (6) में उल्लिखित पद्धति से पक्षकारों द्वारा दावे प्रस्तुत किए गए हैं, तो दावा न्यायाधिकरण के समक्ष सीधे क्षतिपूर्ति के लिए पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र का निपटान करने के लिए यथा अपेक्षित पद्धति के अनुसार मामले पर आगामी कार्यवाही की जाएगी ।

(8) यदि उस पक्षकार द्वारा दावा की गई क्षतिपूर्ति राशि संबंधी तथ्यों का विवरण प्रस्तुत करने के उपरांत, जो बाद में उपस्थित होने में चूक करता है तो नागरिक दण्ड प्रक्रिया 1908 (1908 का 5) के आदेश 9 के उपबन्ध लागू होंगे ।

शर्त यह है कि संबंधित दुर्घटना के मामले में एक से अधिक वाहन जुड़े हैं और ऐसे सभी वाहनों से संबंधित व्यक्ति क्षतिपूर्ति के लिए दावा करते है, तो दावा मामले के रूप में माना गया पुलिस प्रतिवेदन उनमें से प्रत्येक द्वारा प्रस्तुत किसी दावा मामले के लिए परिकल्पित माना जाएगा और ऐसे पक्षकारों में से किसी एक या अधिक द्वारा अनुपस्थित होना प्रतिकूल प्रभाव वाला नहीं माना जाएगा या उस पक्षकार के दावे पर प्रभाव नहीं पड़ेगा जो लगातार उपस्थित रहता है ।

10. आवेदन की जांच.—नियम 8 के अंतर्गत किसी आवेदन पत्र के प्राप्त होने पर दावा न्यायाधिकरण शपथ-पत्र पर आवेदक की जांच कर सकता है और ऐसी जांच की विषयवस्तु, यदि कोई हो, तो लिखित में अभिलेखबद्ध होगी ।

11. आवेदन पत्र के निपटान का सारांश.—दावा न्यायाधिकरण आवेदन पत्र और विवरण पर विचार करने के बाद यदि नियम 10 के अंतर्गत अभिलेखबद्ध आवेदक का विवरण यदि कुछ है, तो आवेदन पत्र को संक्षेप में खारिज कर सकता है, यदि अभिलेखबद्ध किए जाने वाले कारणों के लिए इसका अभिमत है कि इससे संबंधित कार्यवाई के लिए कोई पर्याप्त कारण नहीं है ।

12. दावा मामले का अन्तरण.—(1) जिला न्यायाधीश, जिस दावा न्यायाधिकरण के समक्ष आवेदन पत्र लम्बित हो उसकी

फाइल से किसी अन्य दावा न्यायाधिकरण को आवेदन-पत्र हस्तांतरित करने का अधिकार होगा, यदि

(क) जिस दावा न्यायाधिकरण के समक्ष आवेदन पत्र लम्बित है, व्यक्तिगत या अन्यथा के आधार पर ऐसा कोई अनुरोध करता है, अथवा

(ख) किसी पक्षकार द्वारा आवेदक को अपेक्षित आवेदन पत्र को लिखित में अभिलेखबद्ध कारणों के आधार पर अन्तरित करने के लिए जिलाधीश संतुष्ट है, कि ऐसा करने के पर्याप्त आधार हैं,

(2) उच्च न्यायालय किसी एक दावा न्यायाधिकरण की फाइल से आवेदन को किन्हीं पर्याप्त कारणों के आधार पर अन्य दावा न्यायाधिकरण को हस्तांतरित कर सकता है ।

13. सम्बद्ध पक्षकार को नोटिस.—यदि दावे का आवेदन पत्र नियम 11 के अंतर्गत खारिज नहीं किया गया है तो दावा न्यायाधिकरण फार्म 'झ' में जिस तिथि को वह आवेदन की सुनवाई करेगा उस तिथि को एक नोटिस के साथ नियम 8 के अंतर्गत आवेदक द्वारा प्रस्तुत सभी प्रलेखों तथा शपथ पत्रों सहित आवेदन की एक प्रति विरोधी पक्षकारों को भेजेगा, और उस तिथि को आवेदन पत्र के उत्तर में नियम 14 के अनुसार एक लिखित विवरण प्रस्तुत करने के लिए उन्हें बुला सकेगा :

शर्त यह है कि यदि आवेदक द्वारा प्रस्तुत प्रलेख भारी भरकम है और इसकी प्रतियां उपलब्ध कराने का अनुरोध अनावश्यक रूप से खर्चीला और जटिल है, तो दावा न्यायाधिकरण विरोधी पक्षकार को इसकी प्रतियां भेजने की आवश्यकता के बिना काम चला सकता है ।

14. पक्षकारों की उपस्थिति और परीक्षा.—(1) जिस व्यक्ति के विरुद्ध आवेदक राहत का दावा करता है (इसके बाद विरोधी पक्षकार प्रतिपक्ष के रूप में संदर्भित है) प्रथम सुनवाई को या पहले या ऐसे आगामी समय के भीतर जैसा दावा न्यायाधिकरण अनुमति दे सकेगा, आवेदन पत्र में उठाए गए दावे के निबटान संबंधित एक लिखित बयान प्रस्तुत कर सकेगा और कोई ऐसा लिखित बयान अभिलेख का भाग बनेगा ।

(2) प्रतिपक्ष अपने लिखित विवरण/बयान सहित इसके प्रमाण के लिए सभी प्रलेखों और शपक्ष पत्रों को प्रस्तुत करेगा तथा उन सभी तथ्यों के पक्ष में शपथ पत्र भी प्रस्तुत करेगा जिन तथ्यों के आधार पर पह आवेदन पत्र को अपने बचाव के संदर्भ में निर्भर कर सकता है । प्रलेखों तथा शपथ-पत्रों को भली भांति तैयार सूची में विधिवत दर्ज करेगा और लिखित बयान, प्रलेखों और शपथ-पत्रों की प्रतियां आवेदक को देगा कि शर्त यह है कि दावा न्यायाधिकरण तब तक लिखित बयान के साथ न दायर किसी प्रलेख या शपथ पत्र पर अपने बचाव के पक्ष विरोधी पक्षकार को निर्भर रहने की अनुमति नहीं दे सकता है, जब तक वह संतुष्ट नहीं होता है कि उचित या पर्याप्त कारण है, उसे ऐसे प्रलेख या शपथ पत्र को पहले दायर करने के लिए रोका गया था ।

(3) यदि विरोधी पक्षकार दावे के लिये लड़ता है तो दावा न्यायाधिकरण और यदि कोई लिखित बयान दायर नहीं किया गया है, वह दावे संबंधी जांच के लिए कार्यवाई करेगा और जांच की विषयवस्तु लिखित में अभिलेखबद्ध करेगा ।

(4) दावा न्यायाधिकरण निम्नलिखित सूचना प्रस्तुत करने के लिए विरोधी पक्षकारों से भी अपेक्षा कर सकेगा :—

(क) सभी उन पूर्ववर्ती दुर्घटनाओं का पूरा विवरण, जिसमें ऐसा पक्षकार जुड़ा हो सकता है और कम से कम जिसमें दावे का कम से कम भागों में अधिनिर्णय किया गया है ।

(ख) ऐसी पूर्ववर्ती दुर्घटनाओं में भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की राशि,दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति/व्यक्तियों का/के तथा जिन व्यक्तियों ने क्षति के भुगतान किया है उनके नाम एवं पता/पते ।

(ग) खण्ड (ख) में उल्लिखित व्यक्तियों का विरोधी पक्षकार के साथ यदि कोई संबंध हो, तो उसका उल्लेख करें ।

15. स्थानीय निरीक्षण.—(1) दावा न्यायाधिकरण अपने समक्ष किसी कार्यवाही के दौरान किसी भी समय दुर्घटना-स्थल का स्थानीय निरीक्षण करने के लिए या कार्यवाही से सम्बद्ध जानकारी देने के लिए संभावित सक्षम किन्हीं व्यक्तियों की जांच के लिए दौरा कर सकता है ।

(2) किसी कार्यवाही से सम्बद्ध कोई पक्षकार या उस पक्षकार का कोई प्रतिनिधि किसी स्थानीय निरीक्षण के लिए दावा न्यायाधिकरण का साथ दे सकता है ।

(3) स्थानीय निरीक्षण कराने के बाद दावा न्यायाधिकरण पाए गए किन्हीं तथ्यों को किसी ज्ञापन में संक्षेप में उल्लेख करेगा, और ऐसा ज्ञापन कार्यवाही के अभिलेख का हिस्सा बनेंगे ।

(4) उप-नियम (3) में उल्लिखित ज्ञापन, कार्यवाही से सम्बद्ध किसी उस पक्षकार को दिखाया जा सकेगा जो इसे देखने की इच्छा रखता है और इसकी प्रति आवेदन पत्र देने पर ऐसे किसी पक्षकार को दी जा सकती है ।

(5) दावा न्यायाधिकरण, यदि कोई यात्रा इस नियम में विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए किसी पक्षकार के अनुरोध पर की जाती है, तो उसके स्टाफ द्वारा प्रयोजन हेतु खर्च किए जा सकनं वाले संभावित वास्तविक व्यय के बराबर राशि पक्षकार द्वारा बहुत पहले जमा करानी अपेक्षित होगी और ऐसी यात्रा से संबंधित सभी प्रकार के प्रासंगिक कार्य की पूर्ति करने के लिए पक्षकारों द्वारा इस प्रकार जमा कराई गई राशि को निकाल सकता है ।

16. वाहन का निरीक्षण.—दावा न्यायाधिकरण, यदि वह उपयुक्त समझता है, तो मोटर वाहन के स्वामी के साथ परामर्श करके उसके द्वारा उल्लिखित किए जाने वाले किसी विशेष समय और स्थान पर मालिक द्वारा दुर्घटनाग्रस्त मोटर वाहन प्रस्तुत की जानी अपेक्षित होगी ।

17. संक्षिप्त परीक्षा (जांच) की शक्ति.—दावा न्यायाधिकरण स्थानीय निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष लम्बित किसी मामले की औपचारिक सुनवाई में किसी अन्य समय ऐसे मामले से संबंधित जानकारी देने के लिए संभावित समर्थ किसी व्यक्ति की वह संक्षेप रूप में जांच कर सकता है, चाहे ऐसे व्यक्ति को मामले में एक गवाह के रूप में बुलाया गया है या बुलाया जाना है या नहीं तथा चाहे कुछ या सारे पक्षकार उपस्थित हैं या नहीं ।

18. सीधी चिकित्सीय जांच की शक्ति.—दावा न्यायाधिकरण, यदि वह आवश्यक समझता हो, तो वह किसी सरकारी या नगरपालिका के अस्पताल के किसी चिकित्सा अधिकारी या चिकित्सा अधिकारियों के बोर्ड को फार्म (ञ) में चोटग्रस्त व्यक्ति की जांच के दर्शाने और अपंगता की मात्रा और विस्तार वाला प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दे सकता है, यदि कोई दुर्घटना के परिणामस्वरूप प्रभावित हुआ है और यह निर्देश के प्राप्त होने के पंद्रह दिन के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ऐसे चिकित्सा अधिकारी या बोर्ड का दायित्व होगा ।

19. जांच के दौरान व्यक्तियों को एक साथ अपनाना.—(1) दावा न्यायाधिकरण यदि वह उपयुक्त समझता हो, तो जांच में सहायता करने के लिए जांच से सम्बद्ध किसी मामले के बारे में विशेष जानकारी रखने वाले एक या अधिक व्यक्तियों को एक साथ ले सकता है ।

(2) एक साथ लिये गए व्यक्तियों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक, यदि कोई हो, प्रत्येक मामले के दावा न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाए ।

20. दोषहीन दायित्व के सिद्धांत सम्बन्धी आवेदन पत्र.—(1) अधिनियम के अध्याय 10 के अंतर्गत दावे के मामले में प्रत्येक आवेदन पत्र फार्म 'छ' के भाग-2 में किया जाएगा ।

(2) दावा न्यायाधिकरण इस नियम में उल्लिखित आवेदन पत्र के अधिनिर्णय के प्रयोजनार्थ यथोचित ऐसी सारांश प्रक्रिया अपनाएगा ।

(3) दावा न्यायाधिकरण किसी तकनीकी त्रुटि के आधार पर अधिनियम के अध्याय 10 के उपबन्धों के अनुसार किसी आवेदन पत्र को रद्द नहीं करेगा लेकिन आवेदक को नोटिस देगा और त्रुटि को ठीक कराएगा ।

(4) जहां आवेदन पत्र के साथ फार्म 'क' और फार्म 'घ' में प्रतिवेदन संलग्न नहीं है वहां दावा न्यायाधिकरण पुलिस, चिकित्सा और अन्य प्राधिकारियों से यथावश्यक जानकारी प्राप्त करेगा और दावे पर अधिनिर्णय हेतु कार्यवाई करेगा, चाहे पक्षकार को नियत तिथि को उपस्थित होने के नोटिस दिये गये थे या नहीं ।

(5) दावा न्यायाधिकरण फार्म 'क' और फार्म 'घ' में प्रतिवेदनों

22. मामलों का निर्धारण.—(1) मामलों के निर्माण के उपरांत दावा न्यायाधिकरण दोनों पक्षकार एक दूसरे और अभिसाक्षियों की प्रतिपरीक्षा करने की अनुमति देने के बाद उन्हें निर्णय करने के लिए कार्यवाही करेगा । जिनके शपथ पत्र पक्षकारों द्वारा दायर किए गए हैं, आवेदन पत्र के साथ दायर ऐसे शपथ पत्र और लिखित ब्यान और ऐसा करने में वह नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) के आदेश 19 के उपबन्धों का पालन करेगा ।

(2) दावा न्यायाधिकरण यदि ऐसे मामले के उचित निर्णय के लिए यदि आवश्यक प्रतीत होता हो, तो वह ऐसे आगामी कुछ साक्ष्य का उल्लेख करने के लिए पक्षकारों को अनुमति दे सकता है, जो उनमें प्रत्येक प्रस्तुत करना चाहता है :

शर्त यह है कि ऐसी कोई आगामी अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी, जब तक यह न दर्शाया जाए कि ऐसी अवस्था पर जांच किये जाने के लिए मांगे गए साक्ष्य का शपथ पत्र पहले प्राप्त तथा दिया नहीं जा सका हो, इस पर निर्भर रहने वाले पक्षकार द्वारा यथोचित कर्मठता दर्शाने के बावजूद या कि ऐसा साक्ष्य पक्षकार की जानकारी में नहीं था ।

23. गवाहों को बुलाना.—नियम 22 के उपबन्धों के अनुसार आवेदन पत्र गवाहों को बुलाने के लिए कार्यवाही हेतु किसी पक्षकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है, तो दावा न्यायाधिकरण, इससे संबंधित व्यय, यदि कुछ हो, के भुगतान करने पर ऐसे गवाह की उपस्थिति के लिए तब तक सम्मन जारी नहीं करेगा, जब तक यह नहीं मानता है कि मामले के किसी उचित निर्णय के लिए उनकी उपस्थिति आवश्यक नहीं है :

शर्त यह है कि यदि दावा न्यायाधिकरण के अभिमत से पखकार आर्थिक रूप से गरीब है, वह सम्बद्ध व्यय के भुगतान संबंधी जोर नहीं दे सकता है और उसका व्यय सरकार द्वारा वहन किया जाएगा ।

आगे शर्त यह कि जिस मामले में पक्षकार, सरकार द्वारा इस प्रकार खर्च किए गए व्यय को पूर्णतया भाग में पाने में सफल रहता है, उस मामले में विरोधी पक्षकार/प्रतिपक्ष द्वारा सरकार को भुगतान किए जाने के लिए निदेश देगा ।

24. साक्ष्य अभिलेखन की पद्धति.—दावा न्यायाधिकरण, गवाहों की जांच पर प्रत्येक गवाह के साक्ष्य की विषयवस्तु का

पंचनिर्णय करेगा जिसमें विरोधी पक्षकार (प्रतिपक्ष) या पक्षकारों द्वारा भुगतान की जाने वाली क्षतिपूर्ति की राशि का उल्लेख होगा तथा जिस व्यक्ति या जिन व्यक्तियों को क्षतिपूर्ति की राशि का भुगतान किया जाएगा, उसका/उनका भी उल्लेख होगा ।

(2) क्षतिपूर्ति के दायित्व के अधिनिर्णय एवं क्षतिपूर्ति के पंचनिर्णय की प्रक्रिया मृत्यु की स्थिति में कानूनी वारिसों को भुगतान करने की प्रक्रिया से भिन्न हो सकती है और जहां दावा न्यायाधिकरण यह महसूस करता है कि मृतक के कानूनी वारिसों की पहचान और निर्धारण की प्रक्रिया में दावेदार को वास्तविक भुगतान में कुछ विलम्ब होने की संभावना है, तो दावा न्यायाधिकरण क्षतिपूर्ति की राशि अपने पास जमा कराने के लिए मांग कर सकता है और तत्पश्चात् प्रत्येक कानूनी वारिस को बराबर बराबर क्षतिपूर्ति की राशि वितरित करने के लिए कानूनी वारिसों की पहचान का कार्य कर सकता है ।

27. दावेदारों के हितों की रक्षा.—(1) जहां दावा न्यायाधिकरण के पास जमा एकमुश्त राशि कानूनी निर्योग्यता के अंतर्गत किसी महिला या किसी व्यक्ति को देय है, वहां ऐसी राशि ऐसे तरीके से इस निर्योग्यता के दौरान ऐसी महिला या व्यक्ति के लाभार्थ निवेश या प्रयोग की जाए या अन्यथा तरीके से निपटान की जा सकेगी, जैसा दावा न्यायाधिकरण चोटग्रस्त व्यक्ति के किसी आश्रित या मृतक के वारिसों या किसी अन्य व्यक्ति को भुगतान किये जाने के लिए निदेश दे सकता है जिसे दावा न्यायाधिकरण चोटग्रस्त व्यक्ति या मृतक के वारिस के कल्याण के लिए उपलब्ध कराने हेतु सबसे अधिक उपयुक्त समझते हों ।

(2) जहां दावा न्यायाधिकरण को दिये गए आवेदन पत्र पर इस संबंध में या अन्यथा प्रकार से दावा न्यायाधिकरण संतुष्ट है कि माता-पिता के सम्बंध में बच्चों की अवहेलना के आधार पर या किसी आश्रित की परिस्थितियों के अंतर के आधार पर या किसी अन्य पर्याप्त कारण के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में भुगतान की गई किसी राशि के वितरण संबंधी दावा न्यायाधिकरण का कोई आदेश या किसी ऐसे आश्रित को देय कुछ राशि कौनसे तरीके से निवेश/प्रयुक्त की जाए या अन्यथा निपटाई जाए, में अंतर होना अनिवार्य है, दावा न्यायाधिकरण पूर्व आदेश के अंतर के लिए ऐसा आगामी आदेश कर सकता है, जैसा वह मामले की परिस्थिति के अनुसार उचित समझता है ।

(3) अवयस्क के मामले में, दावा न्यायाधिकरण ऐसे अवयस्क के व्यस्क होने तक ऐसे अवयस्क के लिए निर्णिय क्षतिपूर्ति की राशि सावधि जमा में निवेश की जाए । अभिभावक या आसत्र/नजदीकी मित्र द्वारा खर्च किया गया व्यय, इसे जमा कराने से पूर्व सावधि जमा राशि में से ऐसे अभिभावक या निकटवर्ती मित्र द्वारा निकलवाई जाने के लिए अनुमति हो सकती है ।

(4) दावा न्यायाधिकरण, निरक्षर/अनपढ़ दावेदारों की स्थिति में, आदेश करेगा कि निर्णित क्षतिपूर्ति की राशि कम से कम 3 वर्ष के लिए सावधि जमा में निवेश की जाए लेकिन यदि दावेदार की आय में सुधार हेतु किसी चल या अचल सम्पत्ति की खरीद करने के लिए कोई राशि अपेक्षित है, तो दावा न्यायाधिकरण संतुष्ट होने पर ऐसे किसी अनुरोध पर विचार कर सकता है कि वास्तव में राशि उस प्रयोजन के लिए खर्च की जा सकती है और धनराशि निकालने के

(5) कम पढ़े लिखे व्यक्ति की स्थिति में, दावा न्यायाधिकरण जब तक संतुष्ट नहीं होता है तब तक उप-नियम 4 में उल्लिखित निर्णित राशि को लिखित में अभिलेखबद्ध किए जाने वाले कारणों के आधार पर जमा कराने की प्रक्रिया की सहायता नहीं लेगा कि किसी वर्तमान व्यवसाय के विस्तार हेतु या उप-नियम 4 में यथाविनिर्दिष्ट तथा वर्णित कुछ संपति खरीदने के लिए पूरी या अंशतः राशि अपेक्षित है, जिस मामले में दावा न्यायाधिकरण सुनिश्चित करेगा कि राशि उस प्रयोजन के लिए निवेश की गई हैं, जिसके लिए यह मांगी गई है और भुगतान की गई है ।

(6) दावा न्यायाधिकरण साक्षर व्यक्तियों की स्थिति में, उप-नियम 4 एवं 5 में विनिर्दिष्ट अधिनिर्णित राशि को जमा करने के लिए प्रक्रिया की सहायता भी ले सकता हैं और आयु, वित्तिय पृष्ठभूमि और उस समाज की सिथति, जिससे दावेदार संबंधित हैं और ऐसे अन्य प्रतिफल को ध्यान में रखते हुए दावा न्यायाधिकरण दावेदार के व्यापक हित में और अधिनिर्णित क्षतिपर्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दृष्टि से आवश्यक आदेश कर सकता है ।

(7) दावा न्यायाधिकरण व्यक्तिगत चोंटों के मामले में यदि आगामी उपचार आवश्यक है, संतुष्ट होने पर जो लिखित में अभिलेखबद्ध किया जाएगा, ऐसे उपचार के खर्चे के लिए यथावश्यक राशि निकालने की अनुमति दे सकता है ।

(8) दावा न्यायाधिकरण, धनराशि के निवेश के मामले में, आवेदक को आवधिक आय के साधनों से अधिकतम आय उपलब्ध कराने को ध्यान में रखते हुए ब्याज की अधिक दर लेने वाले राज्य या केन्द्रीय सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों में इसे जमा कराएं ।

(9) दावा न्यायाधिकरण धनराशि निवेश में निदेश देगा कि जमाराशि का ब्याज सीधा ही दावेदारों को या अवयस्क दावेदारों के अभिभावकों को भुगतान, दावा न्यायाधिकरण को सूचित करते हुए धनराशि को जमा रखने वाली संस्थाओं द्वारा किया जाएगा ।

28. कानूनी व्यवसायी की उपस्थिति.—दावा न्यायाधिकरण अपने विवेक से किसी पक्षकार को किसी कानूनी व्यवसायी के माध्यम से अपने समक्ष उपस्थित होने की अनुमति दे सकता है ।

29. सुनवाई का स्थगन.—यदि दावा न्यायाधिकरण पाता है कि किसी आवेदन पत्र का एक सुनवाई में निपटान नहीं हो सकता है, तो वह उन कारणों को अभिलेखबद्ध करेगा, जो स्थगन को अनिवार्य बनाता है और स्थगन की सुनवाई की तिथि को उपस्थित पक्षकारों को भी सूचित करेगा ।

30. डायरी.—दावा न्यायाधिकरण आवेदन पत्र पर कार्यवाही की संक्षिप्त डायरी भी बनाएगा ।

31. दावा न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय का प्रवर्तन.—अधिनियम की धारा 174 के उपबन्धों के अनुसार दावा न्यायाधिकरण अपने अधिनिर्णय के प्रवर्तन के प्रयोजनार्थ नागरिक प्रक्रिया संहिता 1908 (1908 का 5) के अंतर्गत किसी डिक्री के निष्पादन संबंधी किसी दीवानी अदालत की सभी शक्तियां होंगी, मानों अधिनिर्णय, जहां किसी दीवानी वाद में ऐसे न्यायालय द्वारा धनराशि के भुगतान के

32. दावा न्यायाधिकरण को दीवानी अदालत की शक्तियां निहित करना.—अधिनियम की धारा 169 के उपबन्धों को पक्षपात के बिना प्रत्येक दावा न्यायाधिकरण किसी दीवानी अदालत की सारी शक्तियों को प्रयोग कर सकता है और अपने कर्त्तव्यों के निष्पादन के लिए ऐसा करने में नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करेगा ।

33. भुगतान संबंधी भुगतान की गई क्षतिपूर्ति की रसीद.—दावा न्यायाधिकरण डुप्लीकेट में दावेदार से रसीद प्राप्त करेगा । एक प्रति उस व्यक्ति को जारी की जाए जो भुगतान करता है और दूसरी प्रति भुगतान करते हुए अभिलेख में रखी जाए ।

34. दावा न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय के विरुद्ध अपील.—(1) दावा न्यायाधिकरण के अधिनिर्णय के विरुद्ध प्रत्येक अपील आवेदक या इस संबंध में उसके द्वारा विधिवत सशक्त एडवोकेट द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन के रूप में दायर की जाएगी और उच्च न्यायालय को प्रस्तुत की जाएगी और इसके साथ अधिनिर्णय की एक प्रति नत्थी होगी ।

(2) ज्ञापन संक्षेप में उल्लिखित होगा और विभिन्न शीर्षकों के अंतर्गत, किसी तर्क या वर्णन सहित अपील में किए गए अधिनिर्णय संबंधी आपत्तियों के आधार और ऐसे आधार लगातार वर्णित होंगे ।

(3) उप-नियम (1) और (2) में यथा उपबन्धित के सिवाय नागरिक पक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की प्रथम अनुसूची में आदेश XLI, XXI के उपबन्ध अधिनियम की धारा 173 के अंतर्गत उच्च न्यायालय में प्रस्तुत अपील यथावश्यक परिवर्तनों सहित प्रस्तुत की जाएगी ।

35. प्रमाणित प्रतियां.—उच्च न्यायालय की निचली अदालतों के लिए दिल्ली में यथाप्रवृत प्रमाणित प्रति जारी करने संबंधी नियम यथावश्यक परिवर्तनों सहित दावा न्यायाधिकरण की स्थिति में लागू होंगे ।

36. रजिस्टर.—(1) दावा न्यायाधिकरण दिल्ली में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा बनाए जाने के लिए अपेक्षित सभी रजिस्टरों के अलावा निम्नलिखित बनाएगा :—

(i) दोषहीन दायित्व के सिद्धांत पर अंतरिम अभिनिर्णय के लिए आवेदकों का रजिस्टर,

(ii) चैक आदि के माध्यम से न्यायाधिकरण में भुगतान जमा कराने के लिए रजिस्टर ।

(2) मृत्यु, स्थाई अपंगता, चोटग्रस्तता तथा संपत्ति को क्षति के आधार पर दावा याचिका अलग रजिस्टर में दर्ज की जाएगी ।

37. अभिलेख की अभिरक्षा एवं परिरक्षण.—इन मामलों से संबंधित आवश्यक दस्तावेज और अभिलेख पंचनिर्णय यदि कोई किया गया हो कि संतुष्टि के लिए 6 वर्ष की अवधि के लिए या अधिनिर्णय के बाद 12 वर्ष की अवधि के लिए और अंतिम अधि निर्णय/फैसले के होने तक, जो भी पहले हो, रखा जाएगा ।

38. स्टाफ.—(1) प्रत्येक दावा न्यायाधिकरण को दिल्ली के अतिरिक्त जिलाधीश के न्यायालय को [illegible]

562 DG/09-2

39. निरसन एवं बचाव.—(1) दिल्ली मोटर वाहन नियमावली 1993 के अध्याय 9 इसके द्वारा रद्द किया जाता है ।

(2) इसे निरसन में कुछ भी होते हुए इस प्रकार निरसित किए गए उक्त नियमावली के किसी नियम के अंतर्गत किये गये कुछ या की गई कार्रवाई, जब तक दावा न्यायाधिकरण के समक्ष लिखित क्षतिपूर्ति के कार्यवृत्त में इन नियमों के किसी उपबन्ध के प्रतिकूल कोई बात या कार्रवाई नहीं है, तब तक इन नियमों से संबद्ध उपबंधों के अंतर्गत की गई बात या कार्रवाई की गई नहीं मानी जाए ।

फार्म 'क'

(नियम 3, 5 और 7 को देखिए)

जाँचकर्ता पुलिस अधिकारी का प्रतिवेदन

सेवा में

....

....

....

महोदय/महोदया,

यह मामला संख्या.................... शीर्षक......... दिनांक.......... के आदेश/आवेदन पत्र के संदर्भ में है । अपेक्षित जानकारी नीचे दी जाती है :

(1) थाने का नाम

(2) फौजदारी संख्या/यातायात दुर्घटना प्रतिवेदन/प्रतिवेदन प्राथमिकी संख्या

(3) दुर्घटना का दिन समय एवं स्थान

(4) चोटग्रस्त व्यक्ति/मृतक का नाम एवं पूरा पता

(5) जिस अस्पताल से छुट्टी दी गई है उसका नाम (एक्सरे रिपोर्ट की/एम.एल.सी./शव परीक्षा रिपोर्ट की प्रति संलग्न कीजिए)

(6) वाहन की पंजीकरण संख्या और वाहन की किस्म (प्रति संलग्न की जाए)

(7) ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण (प्रति संलग्न की जाए)

(क) ड्राईविंग लाईसेंस संख्या और समाप्ति की तिथि

(ख) चालक का नाम और पता

(ग) जारीकर्ता प्राधिकरण का पता

(घ) बैज संख्या (सार्वजनिक वाहन की स्थिति में)

(8) दुर्घटना के समय वाहन के मालिक का नाम व पता

(9) बीमा कम्पनी का नाम और पता जिसके पास वाहन बीमाकृत था और उक्त बीमा कम्पनी के मण्डल

(10) बीमा पॉलिसी/बीमा प्रमाण-पत्र की वैधता की संख्या तथा बीमा पॉलिसी/बीमा प्रमाण-पत्र की तिथि

(11) वाहन का पंजीकरण विवरण (वाहन की श्रेणी)

(क) रजिस्ट्रेशन संख्या

(ख) इंजिन संख्या

(ग) चैसिस संख्या

(12) रूट परमिट विवरण (प्रति संलग्न की जाए)

